### नर्मदा किनारे 50 वर्ष पहले हुई थी आश्रम की स्थापना, धूमधाम से हो रहा गोरखनाथ प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव

# आस्था का महाकुंभ : नर्मदा तट पर गूंजेगा जय गोरखनाथ, पंचमुखी हनुमान मंदिर में गोरखनाथ जी की मूर्ति स्थापना आज




**जागरण, नर्मदापुरम।** भारतीय आध्यात्मिक परंपरा में गुरु गोरखनाथ का नाम अत्यंत श्रद्धा और सम्मान के साथ लिया जाता है। वे न केवल नाथ संप्रदाय के प्रमुख आचार्य थे, बल्कि योग, साधना और आत्मज्ञान के ऐसे महान प्रवर्तक थे, जिन्होंने जनमानस को आध्यात्मिक चेतना से जोड़ने का कार्य किया। उनके जीवन, तप और शिक्षाओं ने भारतीय संस्कृति को एक नई दिशा दी। आज भी देश-विदेश में उनके अनुयायी उनकी शिक्षाओं का पालन करते हुए साधना पथ पर अग्रसर हैं। इसी आध्यात्मिक परंपरा को आगे बढ़ाते हुए मध्यप्रदेश के नर्मदा तट पर एक भव्य आयोजन होने जा रहा है, जो श्रद्धालुओं के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण और पुण्यदायी अवसर है। नर्मदा के पावन तट पर स्थित सिद्ध विराट पंचमुखी हनुमान मंदिर में श्री गुरु गोरखनाथ जी की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा समारोह का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन 21 से 23 अप्रैल तक तीन दिनों विभिन्न आयोजन किए जा रहे हैं। यह आयोजन न केवल धार्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है, बल्कि क्षेत्र में आध्यात्मिक ऊर्जा और सांस्कृतिक जागरण का भी प्रतीक बनेगा।

आयोजन से जुड़े **मनोज सिंह भदौरिया** ने कहा कि श्री गुरु गोरखनाथ जी की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव हमारे लिए अत्यंत सौभाग्य का विषय है। नर्मदा तट जैसे पावन स्थल पर यह आयोजन पूरे क्षेत्र की आस्था का केंद्र बनेगा। हमने श्रद्धालुओं की सुविधा और व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए व्यापक तैयारियां की हैं। हमारा उद्देश्य है कि अधिक से अधिक लोग इस महाअनुष्ठान में शामिल होकर आध्यात्मिक लाभ प्राप्त करें और गुरु परंपरा के इस पावन अवसर के साक्षी बनें।

वहीं **दिगेन्द्र सिंह राठौर** ने बताया कि तीन दिवसीय इस धार्मिक आयोजन को सफल बनाने के लिए पूरी टीम निरंतर प्रयास कर रही है। पंडितों के सान्निध्य में विधि-विधान से होने वाले अनुष्ठान निश्चित रूप से भक्तों के जीवन में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करेंगे। हम सभी श्रद्धालुओं से आग्रह करते हैं कि वे अपने परिवार सहित इस आयोजन में पधारें, पूजा-अर्चना में भाग लें और भंडारे का प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ अर्जित करें। आयोजन को लेकर क्षेत्रवासियों का कहना है कि हमारा सौभाग्य है कि इस तरह का बड़ा आयोजन हमारे क्षेत्र में हो रहा है। कई विद्वान सहित अनेक संतों का दर्शन करने का सौभाग्य मिलेगा।

## तीन दिवसीय धार्मिक आयोजन में उमड़ेगी आस्था की धारा



नर्मदा के पावन तट पर स्थित सिद्ध विराट पंचमुखी हनुमान मंदिर, योग घाट में 21 से 23 अप्रैल 2026 तक श्री गुरु गोरखनाथ जी की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का भव्य आयोजन किया जा रहा है। सतगुरु देव की प्रेरणा से आयोजित इस तीन दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान में श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक ऊर्जा और पुण्य लाभ प्राप्त करने का अवसर मिलेगा। आयोजन समिति द्वारा क्षेत्र के सभी धर्मप्रेमी जनों से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने का आग्रह किया गया है। इस पावन आयोजन का संचालन पंडित रोहित दुबे के आचार्यत्व में किया जाएगा। उनके साथ पंडित विष्णु तिवारी, पंडित सौरभ पालीवाल, पंडित पीयूष मुद्गल और पंडित सुशील मिश्रा सहित विद्वान पंडितों की टीम वेदिक मंत्रोच्चार और विधि-विधान के साथ समस्त अनुष्ठानों को संपन्न कराएगी। आयोजन को लेकर मंदिर परिसर में विशेष तैयारियां की जा रही हैं और श्रद्धालुओं के लिए व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं। महोत्सव के पहले दिन 21 अप्रैल को प्रायश्चित संकल्प, दश विधि स्नान, शोभायात्रा, पंचांग पूजन, जल एवं अन्नाधिवास जैसे महत्वपूर्ण अनुष्ठान संपन्न हुए। दूसरे दिन 22 अप्रैल को मंडल पूजन, अन्नवार तथा मूर्ति न्यास महाअनुष्ठान आयोजित किया गया। तीसरे और अंतिम दिन 23 अप्रैल को हवन, प्राण न्यास, विशेष आहुति, भंडारा प्रसादी का आयोजन किया जाएगा। दोपहर 12 बजे से भंडारे की शुरुआत होगी, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु प्रसाद ग्रहण करेंगे।

## नर्मदा तट पर 50 वर्षों से जारी है अनवरत श्रद्धालुओं की सेवा का प्रकल्प



**दैनिक जागरण को महंत योगी प्रयागनाथ जी महाराज** ने बताया कि उनके गुरूदेव ने 1975 में इस आश्रम की स्थापना नर्मदा तट पर की थी। इस आश्रम से नर्मदा परिक्रमा वासियों की सेवा की जा रही है। प्रत्येक मंगलवार को हनुमान चालीसा का पाठ किया जाता है। विगत दिनों 5 हजार से अधिक अनुमान चालीसा का पाठ इस आश्रम पर किया गया था। प्राण प्रतिष्ठा समारोह से नर्मदा उत्तर तट स्थित इस मंदिर परिसर में भक्ति और आस्था का अद्भुत संगम देखने को मिलेगा। श्रद्धालु न केवल धार्मिक अनुष्ठानों में भाग लेंगे, बल्कि नर्मदा तट की पवित्रता का भी अनुभव करेंगे। आयोजकों के अनुसार यह आयोजन क्षेत्र में आध्यात्मिक वातावरण को और अधिक सशक्त करेगा। इस धार्मिक आयोजन के संरक्षक महंत पीर पारसनाथ जी महाराज हैं, जिनके मार्गदर्शन में पूरे कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की गई है। महंत योगी प्रयागनाथ जी महाराज भी आयोजन में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। वहीं मंदिर के पुजारी योगी त्रिवेणीनाथ द्वारा नियमित पूजा-अर्चना की जा रही है।

## गुरु गोरखनाथ का आध्यात्मिक महत्व

गुरु गोरखनाथ को योग और हठयोग का महान प्रवर्तक माना जाता है। उन्होंने साधना को सरल और सुलभ बनाकर आम जन तक पहुँचाया। नाथ संप्रदाय में उन्हें भगवान शिव का अवतार भी माना जाता है। उनकी शिक्षाएँ आत्मसंयम, साधना, गुरु-भक्ति और आंतरिक शांति पर आधारित हैं। उनके गुरु मत्स्येंद्रनाथ थे, जिनसे उन्होंने योग की दीक्षा प्राप्त की। उनके शिष्यों में भैरोनाथ जैसे सिद्धों का नाम प्रमुख है। नर्मदा नदी को हिंदू धर्म में अत्यंत पवित्र माना गया है। यह माना जाता है कि नर्मदा के दर्शन मात्र से ही पापों का नाश होता है। ऐसे पावन स्थल पर गुरु गोरखनाथ की मूर्ति की स्थापना इस आयोजन को और भी विशेष बना देती है। नर्मदा तट पर आयोजित बाबा गोरखनाथ की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा का यह कार्यक्रम श्रद्धा, भक्ति और आध्यात्मिकता का अद्भुत संगम होगा, जहाँ हजारों श्रद्धालु एकत्र होकर धर्मलाभ प्राप्त करेंगे। इस आयोजन से क्षेत्र में धार्मिक ही नहीं, बल्कि सामाजिक और सांस्कृतिक जागरण भी होगा। स्थानीय लोगों को एकता और सहयोग का संदेश मिलेगा, युवा पीढ़ी को अपनी संस्कृति और परंपराओं से जुड़ने का अवसर मिलेगा, क्षेत्र में धार्मिक पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा। गुरु गोरखनाथ की शिक्षाएँ आज भी उतनी ही प्रासंगिक हैं जितनी सदियों पहले थीं। नर्मदा तट पर आयोजित यह प्राण प्रतिष्ठा समारोह श्रद्धालुओं के लिए एक दुर्लभ और पवित्र अवसर है। यह आयोजन न केवल धार्मिक अनुष्ठान है, बल्कि समाज को जोड़ने, आध्यात्मिक चेतना जगाने और सांस्कृतिक मूल्यों को सुदृढ़ करने का माध्यम भी है। इस महाआयोजन में शामिल होकर श्रद्धालु अपने जीवन को धन्य बना सकते हैं और गुरु गोरखनाथ की कृपा प्राप्त कर सकते हैं। आयोजकों ने बताया कि नर्मदा तट पर आयोजित हो रहे इस तीन दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान के दौरान यहां का वातावरण और भी अधिक भक्तिमय हो गया है। मां नर्मदा के तट पर होने से इस आयोजन की शोभा और अधिक बढ़ गयी है।




## न्यूज कार्नर

### स्वास्थ्य जागरुकता कार्यक्रम आयोजित



**जागरण, टिमरनी।** नारी शक्ति वंदन पखवाड़ा 10 अप्रैल से 25 अप्रैल के अंतर्गत 22 अप्रैल 2026 को वार्ड क्रमांक 15 के बूथ क्रमांक 1 व 2 में सामूहिक रूप से कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में वार्ड की महिलाओं का सम्मान करते हुए उन्हें विभिन्न विषयों पर जागरूक किया गया। इस अवसर पर वार्ड की वरिष्ठ महिला लीला बाई बागमारे, वार्ड पार्षद हीरा घुरे एवं चंदा घुरे का पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मान किया गया। कार्यक्रम के दौरान आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा गर्मी के मौसम में होने वाली बीमारियों जैसे लू, दस्त, उल्टी आदि से बचाव के उपायों की जानकारी दी गई। साथ ही गर्भवती महिलाओं को स्वास्थ्य, पोषण, टीकाकरण एवं नियमित जांच के महत्व के बारे में भी बताया गया। इसके अलावा 6 वर्ष तक के बच्चों को पोषण आहार वितरित किया गया तथा 12वीं कक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली बालिका की माता का सम्मान किया गया। इस कार्यक्रम में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता त्रिवेणी परदेशी, गायती घुरे, आंगनवाड़ी सहायिका हेमलता मालाकार, अनिता सोलंकी,गिरीश घुरे उपस्थित रहे।

### भारत विकास परिषद ने 80 पौधे किए वितरित



**जागरण, हरदा।** भारत विकास परिषद हरदा महिला विंग के तत्वाधान में तथा डॉ आशा आफ्टर स्कूल क्लासेस के सहयोग से नन्हे बच्चों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता एवं प्रेरणा बढ़ाने हेतु 80 पौधों के वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों को पौधों के महत्व, उनकी सही देखभाल एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति प्रेरित किया गया। इस अवसर पर बच्चों को पौधारोपण के साथ-साथ प्रकृति के प्रति अपनी जिम्मेदारी समझने के लिए भी प्रोत्साहित किया गया। यह आयोजन भारत विकास परिषद के पर्यावरण प्रकल्प के अंतर्गत संपन्न हुआ, जिसका उद्देश्य समाज में हरित वातावरण को बढ़ावा देना एवं नई पीढ़ी को पर्यावरण संरक्षण के प्रति सजग बनाना है। इस अवसर पर परिषद अध्यक्ष अंशुल अग्रवाल, प्रोफेसर विजय अग्रवाल, विवेक त्रिपाठी, डॉ विपुल बांगड़, डॉ माधव बंसल, महिला प्रमुख श्रीमती डॉक्टर आशा बांगड़, श्रीमती अनु अग्रवाल, अंकिता अग्रवाल, कंचन असरानी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

### 28 अप्रैल को होगा बड़ा किसान आंदोलन

**जागरण, हरदा।** जिले में किसानों से जुड़े मुद्दों को लेकर 28 अप्रैल 2026 को बड़े आंदोलन का ऐलान हुआ है। जिला सरपंच संघ हरदा ने इस आंदोलन को अपना पूर्ण समर्थन देने की घोषणा की है। संघ ने साफ किया है कि जिले के सभी सरपंच एकजुट होकर किसानों के साथ खड़े हैं। जिला सरपंच संघ हरदा के अध्यक्ष ललित पटेल की ओर से मंगलवार को एक पोस्टर जारी किया गया। पोस्टर में किसान आंदोलन का समर्थन किया गया है। इसमें लिखा है कि जिले के सभी सरपंच पूर्ण रूप से इस आंदोलन का समर्थन करते हैं। साथ ही सभी किसानों से अपील की गई है कि आंदोलन में पहुंचकर इसे सफल बनाएं।

---

प्लास्टिक के उपयोग पर रोक लगे, खाली जमीनों पर कचरा फैंकने वालों पर जुर्माना लगाएं

# खराब प्रदर्शन : एसडीएम, तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार का वेतन रोका



**जागरण, हरदा।** कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने आमजन से जुडी शिकायतों के निराकरण के लिये सरकार के सीएम हेल्पलाइन पोर्टल पर दर्ज शिकायतों का अधिकारियों द्वारा उचित निराकरण नहीं किये जाने पर गंभीर आपत्ति व्यक्त की है। उन्होने दर्ज शिकायतों के निराकरण में खराब प्रदर्शन पाये जाने पर एसडीएम टिमरनी, तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार रहटगांव का एक सप्ताह का वेतन रोकने के निर्देश दिये हैं। इसी तरह हरदा एवं खिरकिया जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों के प्रदर्शन को भी संतोषजनक नहीं माना गया है। सोमवार को आयोजित समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक में कलेक्टर श्री जैन का दो टूक कहना था कि यदि सीएम हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतों का उचित निराकरण नहीं किया जाता है, तो फिर यह गंभीर प्रश्न चिन्ह है कि आम आदमी अपनी शिकायतें लेकर कहाँ जाए। उन्होने अधिकारियों को सख्त लहजे मे चेतावनी दी कि वे प्रत्येक शिकायत की गहराई तक जाएं एवं उसका समयावधि में गुणवत्तापूर्ण निराकरण करें।

### जिले को एक और फायर ब्रिगेड की स्वीकृति मिली

बैठक में कलेक्टर ने बताया कि विगत दिनों भ्रमण के दौरान प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव द्वारा जिले को एक फायर ब्रिगेड उपलब्ध कराने की घोषणा पर शासन द्वारा अमल किया गया है। इसके तहत जिले को एक और फायर ब्रिगेड की स्वीकृति मिल गई है। बैठक में कलेक्टर ने नगरीय क्षेत्रों में प्लास्टिक के उपयोग पर सख्ती से प्रतिबंध लगाने के निर्देश दिये। साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में हाट बाजारों में प्लास्टिक का कचरा फैलाने वालों पर रोक लगाने के लिये सौर ऊर्जा चलित सीसीटीवी कैमरे लगाने के लिये मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को आदेशित किया।

### हरदा बस स्टैंड पर छाया एवं पानी के समुचित इंतजाम हों

बैठक में उन्होने हरदा के बस स्टेण्ड पर मुसाफिरों के लिये छाया एवं पानी के समुचित प्रबन्ध करने के मुख्य नगर पालिका अधिकारी एवं अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को निर्देश दिये। बार-बार निर्देशों के बावजूद नगरीय क्षेत्रों में दुकानदारों एवं स्ट्रीट वेंडर्स द्वारा डस्टबिन नहीं रखे जाने पर कलेक्टर ने कहा कि इस दिशा में कार्यवाहीं नहीं होने पर संबंधित मुख्य नगरपालिका अधिकारी जिम्मेदार होंगे।

हरदा नगरीय क्षेत्र में खाली पडे प्लाटों पर कचरा फैंकने की निरन्तर आ रही शिकायतों के दृष्टिगत कलेक्टर ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी कमलेश पाटीदार को निर्देशित किया कि इस तरह के कचरा फैकने वालों पर जुर्माना लगाएं। जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत नगरीय क्षेत्रों के मकानों पर रूफवाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम स्थापित नहीं किये जाने पर भी कलेक्टर ने मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को जिम्मेदार ठहराया। उन्होने कहा कि संबंधित अनुविभागीय राजस्व अधिकारी मकानों पर वाटर हार्वेस्टिंग लगाने की व्यवस्था का निरीक्षण कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करें। कलेक्टर ने स्कूलों में पानी की टंकियों की नियमित सफाई पर भी बैठक में जोर दिया। उन्होने कहा कि प्रत्येक टंकी पर सफाई की दिनांक भी अंकित करवाई जाए। बैठक में फार्मर रजिस्ट्री, राजस्व वसूली, सीमांकन, नामांतरण, बंटवारा एवं संकल्प से समाधान योजना की भी कलेक्टर द्वारा साप्ताहिक समीक्षा की गई।

---

# पुलिस ने अवैध गांजा तस्करों को कार समेत किया गिरफ्तार

वाहन सहित 830500 रुपए का मशरूका जब्त



**जागरण, हरदा।** सिटी कोतवाली थाना पुलिस ने अवैध मादक पदार्थों की तस्करी पर अंकुश लगाने की दिशा में एक बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने घेराबंदी कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जिनके पास से 2 किलो से अधिक अवैध गांजा और तस्करी में उपयोग की जा रही एक कार बरामद की गई है। इस पूरी कार्रवाई में जब्त किए गए माल की कुल कीमत करीब 8.30 लाख रुपये आंकी गई है। कार्रवाई की शुरुआत मुखबिर से मिली एक सूचना के बाद हुई, जिसमें पुलिस को ग्राम रन्हाई में गांजे के अवैध कारोबार की जानकारी मिली थी। इस सूचना पर पुलिस टीम ने तत्काल दबिश देकर ग्राम रन्हाई निवासी अखिलेश पिता रामकृष्ण पटवारे को हिरासत में लिया। तलाशी के दौरान उसके पास से 1 किलो 71 ग्राम गांजा बरामद हुआ, जिसकी कीमत लगभग 15 हजार रुपये बताई जा रही है। एसडीओपी शालिनी परस्ते ने मामले का खुलासा करते हुए बताया कि पकड़े गए आरोपी अखिलेश ने पूछताछ के दौरान स्वीकार किया कि वह यह गांजा नर्मदापुरम जिले के शिवपुर थाना क्षेत्र के ग्राम अर्चनागांव निवासी संतोष पिता भारतसिंह कीर से खरीदकर लाया था। इस महत्वपूर्ण जानकारी के बाद पुलिस ने दूसरे आरोपी की गिरफ्तारी के लिए जाल बिछाया और अबगांवखुर्द के पास फोरलेन रोड पर घेराबंदी कर संतोष कीर को उसकी सफेद हुंडई कार सहित धर दबोचा।

संतोष की कार की तलाशी लेने पर उसके पास से भी 1 किलो 138 ग्राम गांजा बरामद किया गया। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार संतोष के खिलाफ पूर्व में भी एनडीपीएस एक्ट के तहत मामले दर्ज हैं। पुलिस ने दोनों आरोपियों के पास से कुल 2 किलो 209 ग्राम गांजा और करीब 8 लाख रुपये मूल्य की कार सहित कुल 8.30.500 रुपये का मशरूका जब्त किया है। आरोपियों को न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया है।

---

# गाय ने दिया नर-मादा गुणों वाले दुर्लभ बछड़े को जन्म



**जागरण, हरदा।** जिले के ग्राम रन्हाई कला में एक अनोखे और दुर्लभ बछड़े के जन्म का मामला सामने आया है, जो पूरे क्षेत्र में चर्चा और जिज्ञासा का विषय बना हुआ है। गाँव के किसान सुनील छापरे के घर बीती रात करीब 12 बजे उनकी गाय ने एक ऐसे बछड़े को जन्म दिया, जिसमें नर और मादा दोनों के शारीरिक लक्षण पाए जा रहे हैं। इस अनोखी घटना की खबर जैसे ही सुबह ग्रामीणों को मिली, बछड़े को देखने के लिए लोगों का तांता लग गया। बड़ी संख्या में लोग किसान के घर पहुँच रहे हैं और इस दुर्लभ दृश्य को देख रहे हैं। ग्रामीण अंचलों में कई लोग इसे आस्था की दृष्टि से देख रहे हैं और इसे प्रकृति का चमत्कार मान रहे हैं। चिकित्सा जगत की दृष्टि से देखा जाए तो पशु चिकित्सकों का कहना है कि इस तरह के मामले जैविक रूप से अत्यंत दुर्लभ होते हैं। हालांकि हरदा जिले के लिए यह पहली घटना नहीं है। इससे पहले करीब तीन साल पहले भादूगांव में भी इसी तरह का एक मामला प्रकाश में आया था। फिलहाल यह बछड़ा पूरी तरह स्वस्थ है।

---

# गेहूं खरीदी प्रक्रिया में तकनीकी अड़चन, पुनः सत्यापन करने के बाद भी किसान नहीं कर पा रहे स्लॉट बुक

पोर्टल की इस खामी को तत्काल सुधारा जाए, ताकि किसान समय पर अपना गेहूं बेच सके

**जागरण, हरदा।** रबी उपार्जन वर्ष 2026-27 के तहत जिले में शुरू हुई गेहूँ खरीदी प्रक्रिया तकनीकी खामियों की भेंट चढ़ती नजर आ रही है। हजारों किसानों के पंजीयन का पुनः सत्यापन होने के बावजूद पोर्टल पर स्लॉट बुकिंग की सुविधा उपलब्ध नहीं हो पा रही है। इस समस्या के चलते किसान परेशान हैं और उपार्जन व्यवस्था पर भी इसका असर पड रहा है।

### पोर्टल पर आ रहा असत्यापित का मैसेज

जब किसान अपनी उपज बेचने के लिए स्लॉट बुकिंग का प्रयास करते हैं, तो पोर्टल पर अब भी सैटलाइट द्वारा असत्यापित किया गया है का मैसेज दिखाई दे रहा है। इस तकनीकी त्रुटि के कारण किसान अपना स्लॉट बुक नहीं कर पा रहे हैं और उनकी गेहूँ की फसल की तुलाई लटक गई है।

### 30 हजार से अधिक किसानों का सत्यापन

सैटलाइट सर्वे में रकबे की भिन्नता पाए जाने के कारण जिले के 30609 किसानों के पंजीयन को पुनः सत्यापन की श्रेणी में रखा गया था। प्रशासन की सक्रियता से तहसीलदारों ने इनमें से 30553 किसानों का सत्यापन कार्य पूर्ण कर लिया है। लेकिन हैरानी की बात यह है कि सत्यापन प्रक्रिया पूरी होने के बाद भी तकनीकी रूप से इसे पोर्टल पर अपडेट नहीं किया गया है।

### जिला आपूर्ति अधिकारी ने आयुक्त को भेजा पत्र

मामले की गंभीरता और किसानों में बढते असंतोष को देखते हुए जिला आपूर्ति अधिकारी ने आयुक्त, खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण संचालनालय, भोपाल को आधिकारिक पत्र लिखा है। पत्र के माध्यम से अवगत कराया गया है कि जमीनी स्तर पर सत्यापन का कार्य लगभग शत-प्रतिशत पूरा हो चुका है, अतः पोर्टल की इस खामी को तत्काल सुधारा जाए ताकि किसान समय पर अपना गेहूँ बेच सकें। समय पर समाधान न होने की स्थिति में जिले के उपार्जन केंद्रों पर किसानों की भीड बढ़ने और पूरी प्रक्रिया के प्रभावित होने की आशंका जताई जा रही है। किसानों को अब भोपाल स्तर से तकनीकी सुधार का इंतजार है।

---

# रोजगार, कृषि एवं गैर कृषि गतिविधियों के साथ स्किल डेवलपमेंट, बिजनेस, प्रोसेसिंग व मार्केटिंग पर चर्चा की

सिनर्जी संस्थान द्वारा क्षेत्रीय स्टेकहोल्डर समन्वय एवं संवाद बैठक आयोजित



**जागरण, हरदा।** सिनर्जी संस्थान द्वारा दिनांक 22 अप्रैल 2026 को निजी होटल में आइए मिलकर युवाओं के बेहतर भविष्य का निर्माण करें थीम पर एक क्षेत्रीय स्टेकहोल्डर समन्वय एवं संवाद बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में लगभग 35 स्टेकहोल्डर्स ने सहभागिता की, जिनमें शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग, पुलिस विभाग, आजीविका मिशन, भारतीय ग्रामीण स्वरोजगार संस्थान, उद्योग विभाग, महिला एवं बाल विकास, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, पार्षद, पालकगण, नेहरू युवा केंद्र एवं पत्रकार बंधु शामिल रहे। बैठक का मुख्य उद्देश्य युवाओं को केंद्र में रखते हुए विभिन्न विभागों एवं समुदाय के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करना, विभागों की भूमिका स्पष्ट करना तथा साझेदारी के माध्यम से युवाओं के लिए ठोस एक्शन प्लान तैयार करना था। साथ ही आपसी विश्वास, समझ एवं दीर्घकालीन सहयोग को मजबूत करने पर भी जोर दिया गया। कार्यक्रम की शुरुआत परिचय एवं जनगीत से हुई, जिसके बाद विभिन्न बॉन्डिंग गतिविधियों के माध्यम से प्रतिभागियों के बीच विश्वास और संवाद को बढ़ावा दिया गया। टीम द्वारा सिनर्जी संस्थान के कार्यों को फोटो, न्यूज़ और वीडियो के माध्यम से प्रस्तुत किया गया, जिससे प्रतिभागियों को जमीनी कार्यों की बेहतर समझ मिली। इसके पश्चात विभागवार समूह चर्चा आयोजित की गई, जिसमें युवाओं के विकास हेतु सहयोगात्मक योजनाओं पर विचार-विमर्श किया गया। प्रतिभागियों ने अपने सुझाव साझा किए और अंत में रिफ्लेक्शन के माध्यम से अपनी सीख और अनुभव व्यक्त किए। बैठक के दौरान एनजीओ के माध्यम से समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए प्रमुख सुझाव दिए गए, जिनमें शिक्षा को बढ़ावा देना, जागरूकता फैलाना, आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराना, समय पर सेवाएं सुनिश्चित करना तथा विशेष रूप से बालिकाओं की शिक्षा पर जोर देना शामिल रहा। साथ ही युवाओं के लिए रोजगार एवं आजीविका के अवसरों जैसे नौकरी, कृषि एवं गैर कृषि गतिविधियां, स्किल डेवलपमेंट, बिजनेस, प्रोसेसिंग, मार्केटिंग एवं श्रमिक सहयोग पर भी चर्चा की गई। स्कूल शिक्षा विभाग से संबंधित गतिविधियों में ड्रॉपआउट बच्चों को पुनः स्कूल से जोड़ना, विद्यार्थियों को करियर मार्गदर्शन देना, नशामुक्ति पर कार्य करना एवं बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विशेष फोकस किया गया। यह बैठक युवाओं के समग्र विकास हेतु विभिन्न विभागों और समुदाय के बीच मजबूत साझेदारी की।

---

भजन मंडलियों ने दी एक से बढ़कर एक प्रस्तुति

# गांव में निकाली रनू बाई, धनियर राजा और ज्वारों की शोभायात्रा



**जागरण, रहटगांव।** नौ दिवसीय गणगौर उत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस बार ग्राम में संतोष गौर के यहां पर मां पवनी आई हुई थी। नौ दिनों तक उत्साह पूर्वक उत्सव मनाया गया। नम आंखों से मां रनु बाई एवं धनियर राजा की विदाई गुरुवार को दी गई। 12 अप्रैल से 21 अप्रैल तक यह उत्सव मनाया गया। इस बार एक दिन के लिए माता रानी का रथ क्षेत्रीय निवासी दिलीप गौर केमैया के यहां पर रोका गया था, इसलिए मां रनु बाई की विदाई एक दिन बाद मंगलवार को की गई। माता रानी के भक्तों ने उत्सव का खूब आनंद लिया। भजनों का दौर देर रात तक चलते रहे। महिलाओं की भजन मंडली ने गांव के आम के पेड़ के नीचे खूब पाती खेली। अंतिम दिवस मां के भक्तों ने रनु बाई के विदाई गीत गाए। रनू बाई एवं धनिया राजा की प्रतिमाओं और जवारों की शोभायात्रा गांव में निकाली गई।

वहीं मां गणगौर मैया के अंतिम दिन देर रात्रि तक भजन मंडलियों ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुति दी। यह इनामी भजन प्रतियोगिता थी एक दिन के लिए, जिसमें प्रथम इनाम कुड़वा गणगौर मंडल को दिया गया। दूसरा इनाम पिपलिया, तीसरा इनाम गुरज घाट को दिया गया। स्थानीय अजनाल नदी पर विधि विधान से पूजन कर विसर्जन किया गया।

---

विद्यार्थियों ने हाथों में तख्तियां लेकर प्रेरणादायक नारों के साथ किया जागरूक

# जल गंगा संवर्धन, मानसिक स्वास्थ्य कार्यशाला एवं नारी शक्ति वंदन आयोजित



**जागरण, टिमरनी।** भाऊ साहेब भुस्कुटे शासकीय महाविद्यालय टिमरनी में प्रभारी प्राचार्य डॉ अरुण कुमार सिकरवार की अध्यक्षता में जल गंगा संवर्धन, मानसिक स्वास्थ्य कार्यशाला एवं नारी शक्ति वंदन पखवाड़ा के अंतर्गत विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रमों का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में सामाजिक जागरूकता, मानसिक सुदृढ़ता तथा सकारात्मक जीवन दृष्टि का विकास करना रहा। मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता के अंतर्गत आयोजित लक्ष्य निर्धारण कार्यशाला में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपने जीवन के उद्देश्यों, समय प्रबंधन एवं आत्मविकास जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर प्रश्नोत्तरी एवं विचार विमर्श किया। वक्ताओं ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि स्पष्ट लक्ष्य निर्धारण ही सफलता की कुंजी है तथा मानसिक रूप से स्वस्थ रहकर ही व्यक्ति अपने उद्देश्यों को प्रभावी रूप से प्राप्त कर सकता है। इसी क्रम में नारी शक्ति वंदन पखवाड़ा के अंतर्गत निबंध एवं पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें सभी संकाय के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर सहभागिता की। छात्रा करुणा चौरे द्वारा प्रस्तुत नारी सशक्तिकरण विषयक चित्रण विशेष रूप से सराहनीय रहा, जिसने महिला सशक्तिकरण के विभिन्न आयामों को प्रभावशाली रूप में प्रदर्शित किया। कार्यक्रम के अंतर्गत जल गंगा संवर्धन रैली का भी आयोजन किया गया। रैली में विद्यार्थियों ने हाथों में तख्तियां लेकर एवं प्रेरणादायक नारों के साथ नगर में भ्रमण किया तथा जल संरक्षण एवं संवर्धन के प्रति जन जागरूकता फैलाने का संदेश दिया। विद्यार्थियों के उत्साह और ऊर्जा ने कार्यक्रम को विशेष रूप से प्रभावशाली बनाया। इस अवसर पर एनटीएफ नोडल अधिकारी मीनाक्षी यादव, जल गंगा संवर्धन नोडल अधिकारी डॉ शीतल श्रीवास, डॉ हर्षा पवार, डॉ मनीषा राजपूत, डॉ ज्योति काशिव, डॉ प्रियंका चंदेल, नीता गौर, डॉ अनिल कौशल, डॉ सुनीत काशिव, डॉ बेबी चावला सहित समस्त स्टाफ की गरिमामयी उपस्थिति रही। अंत में अभिषेक नागपुरे द्वारा सभी अतिथियों, प्रतिभागियों एवं उपस्थितजनों के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

---

# आधुनिक स्वास्थ्य और आधुनिक हरदा की थीम पर किया जाएगा जिले में स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार

जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में कलेक्टर ने अधिकारियों को दिए निर्देश



**जागरण, हरदा।** कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने कहा कि जिले में आधुनिक स्वास्थ्य और आधुनिक हरदा की थीम पर स्वास्थ्य सुविधाओं में विस्तार किया जाएगा। कलेक्टर श्री जैन ने बुधवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में बताया कि जिले में दो आधुनिक टेक्नालॉजी से सुसज्जित एम्बुलेंस तथा 6 आधुनिक चिकित्सा मशीनें उपलब्ध कराई गई है, जिससे स्वास्थ्य सुविधाओं में विस्तार हुआ है। बैठक में कलेक्टर ने जिला चिकित्सालय परिसर में स्मार्ट कैमरे लगाने तथा साफ सफाई व्यवस्था हेतु रोगी कल्याण समिति के माध्यम से आधुनिक मशीनें क्रय करने के निर्देश दिये।

कलेक्टर ने बैठक में निर्देश दिये कि गर्भावस्था के दौरान की जा रही 4 जांचों की जानकारी पोर्टल पर अनिवार्य रूप से अपडेट करें। जिन क्षेत्रों में जानकारी अपडेट करने में समस्या आ रही है, वहां बीएमओ स्वयं जाकर वस्तु स्थिति की जानकारी लें। उप स्वास्थ्य केन्द्र स्तर पर रक्त अल्पता वाली गर्भवती महिलाओं को आयरन सुक्रोज के डोज लगाये जाएं। उन्होने कहा कि जिन महिलाओं में रक्त की मात्रा अत्यधिक कम है, उन्हें शतप्रतिशत ब्लड ट्रांसफ्युजन कराना सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने टीकाकरण की समीक्षा के दौरान निर्देशित किया कि सभी अधिकारी टीकाकरण की सही जानकारी पोर्टल पर समय पर दर्ज कराना सुनिश्चित करें। जो अधिकारी अथवा कर्मचारी समय पर डाटा अपडेट नहीं करेंगे, उनके विरूद्ध कार्यवाही की जाएगी। उन्होने कहा कि अधिकारी आभा आईडी का डेटा रिव्यु करें। साथ ही स्कूल के विद्यार्थियों की आँखों की जांच कर निःशुल्क चश्मा वितरित करें। बैठक में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ एचपी सिंह, जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ कमलेश गौड, जिला शिक्षा अधिकारी डीएस रघुवंशी, जिला आयुष अधिकारी डॉ अनिल वर्मा, तीनों विकासखण्डों के प्रमुख खण्ड चिकित्सा अधिकारी, नोडल अधिकारी सहित स्वास्थ्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### कलेक्टर ने पिपरिया-बनखेड़ी क्षेत्र का सघन दौरा कर व्यवस्थाओं का लिया जायजा

# लोक सेवा गारंटी अधिनियम के तहत मामलों का हो समय सीमा में निराकरण : कलेक्टर



**जागरण पिपरिया।** कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने बुधवार को पिपरिया एवं बनखेड़ी क्षेत्र का सघन दौरा कर तहसील कार्यालय, कृषि मंडी के उपार्जन केंद्रों तथा निर्माणाधीन सांदीपनि विद्यालयों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने राजस्व प्रकरणों के समयबद्ध निराकरण, उपार्जन व्यवस्था को सुचारु बनाने एवं विद्यालय निर्माण कार्यों में गुणवत्ता और तेजी सुनिश्चित करने हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत सीईओ हिमांशु जैन, एसडीएम पिपरिया आकिप खान, तहसीलदार पिपरिया वैभव बैरागी, तहसीलदार बनखेड़ी अंजू लोधी सहित अन्य संबंधित विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

**तहसील कार्यालय बनखेड़ी का निरीक्षण :** कलेक्टर श्री मिश्रा ने बुधवार को पिपरिया एवं बनखेड़ी क्षेत्र का सघन दौरा कर राजस्व मामलों के निराकरण, कोर्ट संचालन सहित अन्य आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने तहसील कार्यालय बनखेड़ी का निरीक्षण कर विभिन्न शाखाओं की कार्यप्रणाली का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने तहसीलदार बनखेड़ी को निर्देशित किया कि लोक सेवा गारंटी अधिनियम के तहत प्राप्त सभी प्रकरणों का निराकरण निर्धारित समय-सीमा में सुनिश्चित किया जाए तथा कोई भी प्रकरण समय-सीमा के बाहर न जाए। कलेक्टर ने स्पष्ट निर्देश दिए कि यदि कोई प्रकरण समय-सीमा से बाहर पाया जाता है तो संबंधित अधिकारी/कर्मचारी के विरुद्ध जुर्माना अधिरोपित करने की कार्रवाई की जाए।

उन्होंने नामांतरण एवं बंटवारा जैसे राजस्व प्रकरणों के निराकरण के लिए कम से कम समय-सीमा के भीतर आवेदकों को समाधान उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने तहसील कार्यालय में उपस्थित आवेदकों से चर्चा कर उनकी समस्याएं जानीं तथा कार्यालय में मिल रहे सहयोग के संबंध में फीडबैक लिया।

उन्होंने आमजन की सुविधा को प्राथमिकता देते हुए तहसील कार्यालय परिसर में पेयजल की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही परिसर में उपयुक्त स्थान चिन्हित कर सार्वजनिक प्याऊ स्थापित करने के लिए भी कहा। कलेक्टर ने तहसीलदार कोर्ट का निरीक्षण करते हुए निर्देशित किया कि रीडर आईडी पर कोई भी प्रकरण लंबित न रखा जाए तथा नियमित रूप से न्यायालय का संचालन सुनिश्चित किया जाए।

## उपार्जन केंद्रों का किया निरीक्षण

कलेक्टर ने कृषि उपज मंडी बनखेड़ी में संचालित गेहूं एवं चना उपार्जन केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। कलेक्टर ने स्पष्ट निर्देश दिए कि उपार्जन केंद्रों से संबंधित किसी भी प्रकार की शिकायत पर संबंधित उपार्जन समिति द्वारा तत्काल प्रतिक्रिया सुनिश्चित की जाए। उन्होंने केंद्रों पर उपस्थित किसानों से चर्चा कर उनकी समस्याएं सुनीं और कई मामलों में मौके पर ही समाधान किया। स्लॉट बुकिंग में आ रही तकनीकी समस्या के समाधान हेतु कलेक्टर ने एसडीओ एग्रीकल्चर को निर्देशित किया कि जिला एनआईसी से समन्वय स्थापित कर समस्या का शीघ्र निराकरण कराया जाए। उन्होंने हमालों एवं कांटों (तौल मशीनों) की संख्या बढ़ाने के भी निर्देश दिए, ताकि किसानों को अनावश्यक प्रतीक्षा न करनी पड़े। कलेक्टर ने किसानों से अपील की कि वे साफ एवं एफएक्यू गुणवत्ता वाले स्कंद ही उपार्जन केंद्रों पर लाएं, जिससे शीघ्रता से खरीदी सुनिश्चित की जा सके। मंडी में व्यवस्थाओं को बेहतर बनाए रखने हेतु कलेक्टर ने मंडी सचिव को मंडी रेट बनाए रखने, आवारा पशुओं की समस्या के निराकरण के लिए दो शिफ्टों में कर्मचारियों की ड्यूटी लगाने तथा तुलाई के लिए समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि खरीदी कार्य यथासंभव छायादार स्थान पर किया जाए तथा किसानों के लिए पेयजल की पर्याप्त व्यवस्था उपलब्ध रहे। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने साइलो प्लांट बनखेड़ी का भी दौरा किया। उन्होंने प्लांट में गुणवत्ता जांच के लिए उपयोग की जा रही मशीनों का बारीकी से निरीक्षण किया तथा प्लांट प्रबंधक को निर्देशित किया कि किसानों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, इसका विशेष ध्यान रखा जाए।

## छात्राओं से किया संवाद



कलेक्टर श्री मिश्रा ने सांदीपनि विद्यालय बनखेड़ी एवं पिपरिया का निरीक्षण कर निर्माणाधीन कार्यों की प्रगति का बारीकी से जायजा लिया। उन्होंने दोनों विद्यालयों के प्रत्येक खंड का निरीक्षण करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बनखेड़ी स्थित सांदीपनि विद्यालय के निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने विद्यालय के नक्शे का अवलोकन किया तथा निर्माण कार्य की धीमी प्रगति पर नाराजगी व्यक्त करते हुए ईई पीआईयू को संबंधित निर्माण एजेंसी को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि निर्माण कार्य में गुणवत्ता से कोई समझौता न किया जाए तथा बच्चों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए सभी कार्य किए जाएं। विद्यालय परिसर में खेल मैदान के विकास हेतु आवश्यक खेल सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने विद्यालय की छात्राओं से संवाद कर उनकी शैक्षणिक गतिविधियों की जानकारी ली। उन्होंने छात्राओं द्वारा विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर बनाई गई पेंटिंग्स की सराहना करते हुए पर्यावरण संरक्षण एवं पृथ्वी के प्राकृतिक संतुलन में वृक्षों के महत्व के बारे में जानकारी दी। कलेक्टर ने बच्चों को मन लगाकर पढ़ाई करने एवं बोर्ड परीक्षाओं की तैयारी करने के लिए प्रेरित किया तथा स्नेहपूर्वक टॉफियां भी वितरित कीं। पिपरिया स्थित सांदीपनि विद्यालय के निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने निर्देश दिए कि निर्माणाधीन समस्त कार्य आगामी 15 जून तक पूर्ण किए जाएं। उन्होंने कहा कि विद्यालय के सभी खंडों में कार्य समानांतर रूप से संचालित किया जाए तथा श्रमिकों की संख्या बढ़ाकर कार्य में तेजी लाई जाए। निर्माण कार्य की धीमी गति पर उन्होंने आपत्ति जताते हुए संबंधित एजेंसी को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने विद्यालय परिसर में खेल मैदान, पौधारोपण, पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था, कवर्ड कैंपस, अग्निशमन यंत्र सहित सभी आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

# रात में सेठानी घाट पहुंचे कलेक्टर ने देखी सफाई व पार्किंग व्यवस्था



**जागरण नर्मदापुरम।** कलेक्टर सोमेश मिश्रा द्वारा नर्मदापुरम के प्रसिद्ध सेठानी घाट एवं आसपास के क्षेत्रों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने घाट क्षेत्र में व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कलेक्टर श्री मिश्रा ने सीएमओ को निर्देशित किया कि घाट क्षेत्र में साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने घाट पहुंच मार्ग एवं घाटों पर भिक्षावृत्ति की प्रवृत्ति को समाप्त करने के लिए विस्तृत कार्य योजना तैयार करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने घाट पहुंच मार्ग पर सुव्यवस्थित पार्किंग व्यवस्था विकसित करने तथा आवारा पशुओं को गौशाला अथवा कांजी हाउस में स्थानांतरित करने के निर्देश भी दिए। साथ ही उन्होंने निर्देशित किया कि घाट क्षेत्र के लिए उपयुक्त स्थान चिन्हित कर व्यवस्थित पार्किंग व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। कलेक्टर श्री मिश्रा ने सेठानी घाट से लेकर मोरछली चौक तक पैदल भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने मार्ग पर संचालित दुकानों को व्यवस्थित रूप से संचालित कराने के निर्देश दिए, ताकि यातायात में बाधा उत्पन्न न हो।

उन्होंने निर्देशित किया कि यातायात प्रबंधन के लिए घाट पहुंच मार्ग के समीप प्रमुख चौराहे पर यातायात पुलिस की तैनाती सुनिश्चित की जाए, जिससे यातायात व्यवस्था सुचारू बनी रहे। निरीक्षण के दौरान एसडीएम जय सोलंकी, सीएमओ हेमेश्वरी पटले, तहसीलदार सरिता मालवीय सहित अन्य अधिकारी गण उपस्थित रहे।

# मरीज को अस्पताल लेकर जा रही एम्बुलेंस में लगी आग, जनहानि नहीं



**जागरण सिवनी मालवा।** बुधवार सुबह करीब दस बजे नर्मदापुरम-हरदा स्टेट हाईवे पर सांवलखेड़ा के पास एक मरीज को नर्मदापुरम ला रही प्रायवेट एंबुलेंस में अचानक आग लग गई। स्टाफ की सतर्कता से ऑक्सीजन सपोर्ट वाले मरीज और ऑक्सीजन सिलेंडर को तुरंत बाहर निकाल लिया गया, जिससे बड़ा हादसा टल गया।

सूचना पर पहुंची डायल 112 की पुलिस टीम ने पास के पेट्रोल पंप से फायर एक्सटिंग्विशर लाकर आग पर काबू पा लिया है और मरीज को दूसरी 108 एंबुलेंस से सुरक्षित अस्पताल पहुंचा दिया। एंबुलेंस के ड्राइवर ने बताया कि सांस की समस्या से पीड़ित एक महिला पेशेंट को ऑक्सीजन पर सिवनी मालवा से नर्मदापुरम ले जा रहे थे। इसी दौरान एंबुलेंस में चलते-चलते अचानक से धुआं उठने लगा मैंने तत्काल एंबुलेंस को साइड में खड़ी की और मरीज को बाहर निकाला। साथ ही ऑक्सीजन सिलेंडर भी तुरंत निकाला। डोलरिया थाना प्रभारी प्रवीण चौहान ने बताया कि सूचना मिलते ही डायल 112 और थाना स्टाफ मौके पर पहुंचा। उनके अनुसार मरीज को गाड़ी से उतारा जा चुका था और पुलिस ने तत्काल आग पर काबू पाया। थाना देहात के प्रधान आरक्षक सुशील मिश्रा, आरक्षक अजय गुप्ता और हंड्रेड पायलट सुधीर उईके ने पास के पेट्रोल पंप से फायर एक्सटिंग्विशर लाकर एंबुलेंस में लगी आग बुझाई। थाना प्रभारी के अनुसार, आग लगने की प्रथम दृष्टया वजह शॉर्ट सर्किट या तकनीकी खराबी मानी जा रही है।

## न्यूज कार्नर

### नपाध्यक्ष ने किया नाली निर्माण का निरीक्षण

**जागरण नर्मदापुरम।** समूचे वार्डों में नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव के नेतृत्व में विकास कार्य किए जा रहे हैं। वहीं बुधवार को नपाध्यक्ष श्रीमती यादव द्वारा वार्ड क्रमांक 17 में निर्माणाधीन नाली का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कार्य प्रभारी दीक्षा तिवारी और संबंधित निर्माण एजेंसी के कर्मचारी उपस्थित रहे। नपाध्यक्ष ने निर्माण एजेंसी को निर्देश दिए कि कार्य गुणवत्तापूर्ण और समय सीमा में पूर्ण किया जाए। जिससे नागरिकों इसका समय पर लाभ मिल सके।

### जेल में बंद महिलाओं के लिए प्रशिक्षण शुरू

**जागरण नर्मदापुरम।** केंद्रीय जेल में बंद महिलाओं के लिए 15 दिवसीय मेहंदी प्रशिक्षण का शुभारंभ बुधवार को किया गया। प्रशिक्षण 6 मई तक चलेगा। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रम में संयुक्त संचालक तृप्ति त्रिपाठी ने महिलाओं को प्रशिक्षण का महत्व, उसकी उपयोगिता और रोजगार के अवसरों की जानकारी दी। जिला कार्यक्रम अधिकारी ललित डेहरिया ने विभाग की योजनाओं, महिला सशक्तिकरण और नारी शक्ति वंदन अभियान के बारे में बताया। जेल अधीक्षक संतोष सोलंकी ने स्व सहायता समूह के माध्यम से महिलाओं द्वारा किए जा रहे कार्यों और जेल में संचालित शासकीय योजनाओं की जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन वन स्टाप सेंटर प्रशासक प्रतिभा बाजपेयी ने किया। सहायक अधीक्षक हितेश बंडिया ने आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर जेल उप अधीक्षक प्रहलाद सिंह बरखडे, ब्यूटीशियन नीलिमा बाथरे, परामर्शदात्री भागवती बिष्ट, पूजा खरवार उपस्थित रहीं।

# महिलाओं ने निकाली जन आक्रोश पदयात्रा




**जागरण नर्मदापुरम ।** बुधवार को भाजपा जिला अध्यक्ष प्रीति शुक्ला के नेतृत्व में महिलाओं ने नारी शक्ति बिल फेल होने के विरोध में जन आक्रोश पद यात्रा निकाली गई। हरियाली चौक के पास महिलाएं एकत्र हुई। पहले आईएनडीआई गठबंधन के खिलाफ नारेबाजी कर पुतला जलाया। फिर हाथों में तख्तियां लेकर सभी महिलाओं ने पदयात्रा निकाली। नारी शक्ति मंच के तत्वावधान में आयोजित इस जन आक्रोश महिला पदयात्रा के जरिए महिलाओं ने विपक्ष के खिलाफ कड़ा विरोध दर्ज कराया।

इस दौरान जिला अध्यक्ष प्रीति शुक्ला ने कहा प्रधानमंत्री द्वारा पेश किया बिल महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है। विपक्ष इस राह में रोड़ा अटकाकर अपनी महिला विरोधी मानसिकता का परिचय दे रहा है।

प्रदर्शनकारी महिलाओं ने विपक्षी दलों के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इसके बाद पुतला दहन किया। प्रदर्शन के दौरान नपाध्यक्ष नीतू यादव, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष अर्चना तिवारी समेत कई महिलाएं और युवतियां हरियाली चौक पर एकत्रित हुईं।

उल्लेखनीय है कि यह प्रदर्शन केंद्र सरकार द्वारा मातृशक्ति को राजनीति में 33 प्रतिशत आरक्षण देने के उद्देश्य से लाए गए नारी शक्ति वंदन अधिनियम 2026 का विरोध करने वाले विपक्षी दलों के खिलाफ आक्रोश व्यक्त करते हुए किया गया।

## भीषण गर्मी को लेकर स्वास्थ्य विभाग की अपील

**जागरण नर्मदापुरम।** जिले में इन दिनों भीषण गर्मी का प्रकोप लगातार बढ़ता जा रहा है। तेज धूप और झुलसाने वाली लू के कारण जनजीवन प्रभावित हो रहा है तथा लोग दिन के समय घरों से बाहर निकलने से बच रहे हैं। पिछले 10 दिनों से जिले का अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से ऊपर बना हुआ है, वहीं रात्रि का तापमान भी 20 डिग्री के पार पहुंच गया है। ऐसी स्थिति को देखते हुए सीएमएचओ डॉ. नरसिंह गेहलोत द्वारा स्वास्थ्य एडवायजरी जारी कर नागरिकों से सावधानी बरतने की अपील की गई है। उन्होंने बताया कि ग्लोबल वार्मिंग एवं जलवायु परिवर्तन के कारण तापमान में तेजी से वृद्धि हो रही है, जिसका सीधा असर लोगों के स्वास्थ्य पर पड़ सकता है। ऐसे में स्वास्थ्य विभाग ने नागरिकों से गर्मी से बचने की अपील की है।

# शोभायात्रा में नारी शक्ति ने किया अखाड़ा प्रदर्शन



**जागरण सिवनी मालवा।** परशुराम जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में नगर में भव्य एवं शोभायात्रा का आयोजन किया गया, जिसमें भगवान परशुराम नगर भ्रमण पर निकले। हनुमान मंदिर से विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना कर यात्रा का शुभारंभ हुआ, जो नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए निकली। यात्रा के दौरान ब्राह्मण समाज की बालिकाओं ने तलवार, फरसा एवं अन्य पारंपरिक शस्त्रों के माध्यम से शौर्य प्रदर्शन कर नारी शक्ति का संदेश दिया। वहीं युवाओं द्वारा मलखम अखाड़ों के माध्यम से किए गए रोमांचक प्रदर्शन किया। समापन पश्चात राम जानकी राधा कृष्ण मंदिर में भगवान परशुराम की महाआरती संपन्न हुई। इसके बाद 80 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठजनों एवं ब्राह्मण समाज के पूर्व अध्यक्षों का सम्मान किया गया, जिनमें विकास पाठक, समर शर्मा, वीरेंद्र मिश्रा, डॉ चौबे, शिवशंकर पंचोली सहित अन्य प्रमुख नाम शामिल रहे। साथ ही भाजपा जिला अध्यक्ष प्रीति शुक्ला, पूर्व जिला अध्यक्ष संतोष पारीख एवं पार्षद अनुराधा दीक्षित का भी मंच से सम्मान किया गया। कुश्ती में स्वर्ण पदक प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रोशन करने वाले चतरखेड़ा निवासी सत्यम तिवारी का विशेष सम्मान किया गया। मंच संचालन समाज के सचिव राजा तिवारी, सुब्रत शर्मा एवं दीपक दीक्षित द्वारा किया गया।

## शोभायात्रा का जगह जगह स्वागत



**जागरण माखननगर।** सर्व ब्राह्मण समाज के तत्वाधान में परशुराम जयंती की शोभायात्रा परशुराम भवन से आरंभ हुई जो नगर के प्रमुख मार्गो से होते हुए परशुराम भवन पहुंची जहां भगवान परशुराम की आरती के साथ समापन हुआ। शोभायात्रा में सर्व ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष रमन शुक्ला एवं अन्य पदाधिकारी एवं ग्रामीण क्षेत्र से सर्व ब्राह्मण समाज के नागरिक एवं महिलाएं उपस्थित रहीं। शोभा यात्रा का नगर में स्थान स्थान पर फूल फूल बरसा कर स्वागत किया। शोभा यात्रा का जनप्रतिनिधियों एवं अन्य संस्थाओं ने स्वागत किया।

# संगठन की मजबूती ही पार्टी की सबसे बड़ी ताकत है : विधायक सिंह



**जागरण सोहागपुर।** नर्मदापुरम जिले के प्रभारी अलकेश आर्य ने बुधवार को सोहागपुर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले माखननगर, आरी, रामपुर, सेमरी हरचंद, सोहागपुर एवं शोभापुर क्षेत्रों के संगठन की बैठक में शामिल हुए। बैठक में संगठन को सशक्त बनाने तथा आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार करने को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। प्रभारी अलकेश आर्य ने क्षेत्रीय विकास, संगठन विस्तार और आगामी कार्यक्रमों के सफल क्रियान्वयन के लिए विभिन्न रणनीतियों पर गहन विचार-विमर्श किया गया। कार्यकर्ताओं को बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करने एवं जनसंपर्क बढ़ाने के निर्देश दिए। विधायक विजयपाल सिंह ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि संगठन की मजबूती ही पार्टी की सबसे बड़ी ताकत है। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर क्षेत्र के विकास एवं जनहित के कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। बैठक में नर्मदापुरम जिले के प्रभारी अलकेश आर्य के साथ ही जिलाध्यक्ष प्रीति शुक्ला, निखिलेश चतुर्वेदी, मंडल अध्यक्ष विपिन यादव, मनीष चतुर्वेदी, योगेश मालवीय, अश्विनी सरोज, प्रदीप ठाकुर शामिल हुए।

# जूडो कराटे प्रशिक्षण में कॉलेज की छात्राओं ने सीखे आत्मरक्षा के गुर



**जागरण माखननगर।** माखनलाल चतुर्वेदी शासकीय महाविद्यालय राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा प्राचार्य के निर्देशन में नारी शक्ति बंधन पखवाड़े के द्वितीय चरण में आत्मरक्षा और शारीरिक सशक्तिकरण के अंतर्गत जूडो कराटे का प्रशिक्षण कार्यक्रम अधिकारी डॉ.धर्मेंद्र सिंह चौहान द्वारा दिया गया। प्रशिक्षण से पूर्व उन्होंने छात्राओं को जूडो - कराते की संपूर्ण जानकारी दी। उन्होंने कहा कि जूडो में किसी तकनीक (थ्रो) को सफलतापूर्वक पूरा करने के लिए मुख्य रूप से 3 चरण होते हैं जिसमें प्रथम कुजुशी जिसमें प्रतिद्वंद्वी का संतुलन बिगाड़ना। दूसरा त्सुकुरी थ्रो करने के लिए खुद को सही स्थिति में लाना एवं तीसरा काके थ्रो को अंजाम देना या तकनीक पूरी करना होता है। इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी डॉ. कविता दुबे, स्पोर्ट्स ऑफिसर डॉ. राजकुमार पटवा सहित बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित रही।

पृथ्वी दिवस | पृथ्वी को बेहतर बनाने के संकल्प के साथ चैम्प्स फन स्कूल में मना पृथ्वी दिवस

# सभी को मिलकर पृथ्वी को आने वाली पीढ़ी के लिए बेहतर बनाना होगा : डॉ. चटर्जी



**जागरण नर्मदापुरम।** ईशान परिसर स्थित द चैम्प्स फन स्कूल में बुधवार को पृथ्वी दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रार्थना सभा से हुई, जहां बच्चों ने नर्मदाष्टक का सामूहिक पाठ किया। इसके पश्चात एक एक्शन सॉन्ग प्रस्तुत किया गया, जिसने बच्चों को ऊर्जा और उत्साह से भर दिया। एक विशेष गतिविधि में बच्चों को बायोडिग्रेडेबल और नॉन-बायोडिग्रेडेबल वस्तुओं के बारे में समझाया गया। इस गतिविधि में बच्चों ने प्रतीकात्मक रूप से पृथ्वी को साफ करते हुए प्लास्टिक और कचरे को हटाकर उसकी जगह पौधे, फूल और पुनः उपयोग योग्य वस्तुओं को सजाया, जिससे पर्यावरण संरक्षण का सुंदर संदेश दिया गया। इसके बाद फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता ने सभी का ध्यान आकर्षित किया, जहां बच्चे पृथ्वी, फल, फूल और प्रकृति के विभिन्न रूपों में सजे नजर आए। बच्चों ने अपनी प्रस्तुतियों के माध्यम से पृथ्वी को बचाने, पेड़ों की रक्षा करने और प्राकृतिक संसाधनों के महत्व को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया।कार्यक्रम के दौरान एक शिक्षाप्रद वीडियो भी दिखाया गया, जिसमें ग्लोबल वार्मिंग, वनों की कटाई, प्रदूषण और ऊर्जा संरक्षण जैसे विषयों को सरल तरीके से समझाया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के प्राचार्य डॉ. आशीष चटर्जी ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि सभी को मिलकर पृथ्वी को आने वाली पीढ़ी के लिए और बेहतर बनाना होगा। उन्होंने मैं जमूरा, तू मदारी नाटक के माध्यम से बच्चों को पर्यावरण संरक्षण, ऊर्जा बचत और पृथ्वी के महत्व को सरल और रोचक अंदाज में समझाया। उनकी कहानी ने बच्चों को गहराई से प्रभावित किया। अंत में प्राचार्य ने विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण का संकल्प दिलवाया ताकि वे पृथ्वी को स्वच्छ, हरित और सुरक्षित बनाए रखने में अपना योगदान दें। उन्होंने जल और बिजली की बचत, प्लास्टिक से दूरी और रीड्यूस, रीयूस, रीसाइकिल के सिद्धांतों को अपनाने का वादा किया। कार्यक्रम के समापन पर बच्चों ने चित्रकला के माध्यम से सेव अर्थ पोस्टर में सामूहिक रूप से रंग भरकर बेहतर संदेश प्रस्तुत किया। इस अवसर पर विद्यालय की डायरेक्टर जूही चटर्जी एवं प्राचार्य डॉ. आशीष चटर्जी की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम का संचालन मनीषा तोमर द्वारा किया गया।

## न्यूज कार्नर

### चाकू लहराते हुए युवक गिरफ्तार

**जागरण, इटारसी।** पुलिस ने शहर में शांति व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से की गई चेकिंग के दौरान एक युवक को 18 बंगला ब्रिज के नीचे से अवैध हथियार के साथ पकड़ा है। तलाशी लेने पर आरोपी नकुल पीटर उर्फ संतोष भाट 18, निवासी भाट मोहल्ला के कब्जे से एक धारदार स्टील का नुकीला चाकू बरामद हुआ। पुलिस ने चाकू जब्त कर आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट की के तहत कार्रवाई की है। इस कार्रवाई में आरक्षक संदीप अजनेरिया की मुख्य भूमिका रही।

### शराब पीते न्यास का युवक पकड़ा

**जागरण, इटारसी।** सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने वालों के खिलाफ इटारसी पुलिस की कार्रवाई लगातार जारी है। मंगलवार रात करीब 9:45 बजे पुलिस ने 28 नंबर कलारी के पास दबिश देकर एक युवक को खुलेआम शराब पीते हुए पकड़ा। जानकारी के अनुसार, आरोपी अजय सोनी 30, निवासी न्यास कॉलोनी, सार्वजनिक स्थान पर बैठकर शराब पी रहा था। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से देशी मदिरा के दो आधे खाली क्वार्टर, डिस्पोजल, पानी का पाउच और नमकीन का पैकेट जब्त किया है।

### इलाज के दौरान बुजुर्ग की मौत

**जागरण, इटारसी।** जिला अस्पताल नर्मदापुरम में इलाज के दौरान एक अज्ञात बुजुर्ग की मौत हो गई है। जानकारी के अनुसार, करीब 65 वर्षीय अज्ञात वृद्ध को गंभीर अवस्था में अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जिसकी मौत हो गई। घटना की सूचना जिला अस्पताल के वार्डबॉय आदित्य बेले ने कोतवाली पुलिस को दी गई। कोतवाली पुलिस ने आरक्षक रोहन की रिपोर्ट पर शून्य पर मर्ग कायम किया है। चूंकि मामला रेलवे बंगलिया इटारसी क्षेत्र से जुड़ा बताया जा रहा है, इसलिए अग्रिम कार्रवाई के लिए डायरी संबंधित थाने को भेजी जाएगी। फिलहाल पुलिस मृतक की शिनाख्त करने के प्रयास कर रही है।

### लापरवाह ट्रक चालक पर मामला दर्ज

**जागरण, इटारसी।** सुखतवा क्षेत्र के भरगदा रोड तिराहे पर एक तेज रफ्तार आयशर ट्रक ने ओमनी वैन को जोरदार टक्कर मार दी। फरियादी अनंत सिंह गौड़ 47, निवासी लखूली जिला विदिशा अपनी ओमनी वैन एमपी 38 बीए 0612 से जा रहे थे। तभी भरगदा रोड के पास आयशर ट्रक बीपी 65 बीएल 8435 के चालक बलदेव राज, निवासी सांबा जम्मू-कश्मीर ने वाहन को तेजी और लापरवाही से चलाते हुए वैन के ड्राइवर साइड में सीधी टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि ओमनी वैन का सामने का कांच, दोनों गेट, स्टीयरिंग, बफर और छत पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। गनीमत रही कि हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई, लेकिन वाहन को काफी नुकसान पहुंचा है। पुलिस ने आरोपी ट्रक चालक के खिलाफ सार्वजनिक मार्ग पर लापरवाही से वाहन चलाने के तहत अपराध दर्ज कर लिया है। मामले की जांच जारी है।

### महुआ शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

**जागरण, इटारसी।** पुलिस ने नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत नाला मोहल्ला क्षेत्र में दबिश देकर एक युवक को अवैध शराब के साथ पकड़ा है। जानकारी के अनुसार, नाला मोहल्ला में छोटेलाल कश्यप 42, निवासी भगत सिंह नगर को हिरासत में लिया गया। आरोपी के पास से पुलिस ने अवैध हाथ भट्टी महुआ शराब जब्त की है।

# जनसेवा की मिसाल : वार्ड-वार्ड चलो अभियान में युकां ने शुरू की निशुल्क जल सेवा

**जागरण, इटारसी।** जनसमस्याओं के निराकरण और जनता के बीच पैठ बनाने के उद्देश्य से युवा कांग्रेस द्वारा चलाया जा रहा वार्ड-वार्ड चलो अभियान अब सेवा के नए आयाम स्थापित कर रहा है। पूर्व नगर कांग्रेस अध्यक्ष मयूर जायसवाल के नेतृत्व में यह अभियान वार्ड क्रमांक 17 पहुंचा, जहां टीम ने न केवल लोगों की समस्याएं सुनीं, बल्कि भीषण गर्मी को देखते हुए निशुल्क जल सेवा की भी शुरुआत की।

इस अवसर पर युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष सौम्य दुबे, जिला उपाध्यक्ष गौरव चौधरी, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गोल्डी बैस, पंकज राठौर, पार्षद प्रतिनिधि अभिषेक साहू, जिला सेवादल अध्यक्ष अमित गुप्ता, प्रतीक मालवीय, पार्षद संजय ठाकुर, उत्सव दुबे, वैभव शर्मा, विशाल बड़कुर, पंकज राजपूत, देवांश तिवारी और ऐश्वर्य चौरे सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### वार्ड 17 में सुनी जन-समस्याएं, घेरा प्रशासन

अभियान के दौरान मयूर जायसवाल और युवा कांग्रेस की टीम ने वार्ड क्रमांक 17 के निवासियों से सीधा संवाद किया। नागरिकों ने मुख्य रूप से पेयजल की गंभीर किल्लत की शिकायत दर्ज कराई। जायसवाल ने जनता को आश्वस्त किया कि इन समस्याओं को शिकायत पत्र के माध्यम से नगरपालिका प्रशासन तक पहुंचाया जाएगा और निराकरण न होने पर उग्र आंदोलन किया जाएगा।



### सत्ता के अभाव में भी सेवा का संकल्प : पेयजल के लिए दो निजी टैंकरों का किया शुभारंभ

विपक्ष में होने के बावजूद जनता की प्यास बुझाने के लिए मयूर जायसवाल की टीम ने अपने निजी व्यय से दो जल टैंकरों की व्यवस्था की है। वार्ड क्रमांक 3 में मातृशक्ति द्वारा विधिवत पूजन के साथ इन टैंकरों को जनसेवा के लिए रवाना किया गया। युवा कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष गौरव चौधरी (गोल्डी) ने बताया कि शहर के जिन क्षेत्रों में पानी की किल्लत होगी, वहाँ ये टैंकर निशुल्क पानी उपलब्ध कराएंगे।

इस अवसर पर पूर्व नगर कांग्रेस अध्यक्ष मयूर जायसवाल ने कहा कि अभियान शुरू होने से पूर्व ही हमने वादा किया था कि यदि सत्ताधारी प्रशासन जनता को पानी देने में विफल रहता है, तो हम अपने व्यक्तिगत खर्च पर सेवा कार्य करेंगे। राजनीति अपनी जगह है, लेकिन मानवीय सेवा हमारी पहली प्राथमिकता है। आगे भी इस तरह की जरूरत पड़ने पर हम स्वयं के व्यय से नागरिकों की सेवा करने के लिए दृढ़ संकल्पित हैं।

# लाखों का परिसर बना मवेशियों का तबेला फल-सब्जी और ग्राहकों की सुरक्षा दांव पर

**जागरण, इटारसी।** शहर के वार्ड 31 स्थित फल मंडी नगर पालिका की कार्यप्रणाली पर एक बदनुमा दाग साबित हो रही है। लाखों रुपए लगाकर तैयार किया यह परिसर आज सरकारी उपेक्षा और भ्रष्टाचार की कहानी कह रहा है। यहां अव्यवस्थाओं का आलम यह है कि व्यापारी और ग्राहक खुद को ठगा सा महसूस कर रहे हैं, जबकि जिम्मेदार कुंभकर्णी नींद सोए हुए हैं।

### सुधार के नाम पर चबूतरे तोड़े, व्यवस्था छोड़ी

मंडी को संवारने के लिए बनाए गए 64 चबूतरे नपा के अदूरदर्शी फैसलों की बलि चढ़ गए। व्यापारियों को व्यवस्थित करने में नाकाम रहे प्रशासन ने समाधान निकालने के बजाय जेसीबी चलवाकर ढांचा ही ध्वस्त कर दिया। तब से यह परिसर लावारिस हालत में है, जहां न प्रकाश की व्यवस्था है और ना ही बुनियादी सुरक्षा।



### बदहाली की ग्राउंड रिपोर्ट

- **अंधेरे में कारोबार :** स्ट्रीट लाइटों के अभाव में तड़के होने वाली नीलामी जानलेवा हो रही है।
- **कागजी वसूली :** नपा हर व्यापारी से शुल्क तो वसूल रही है, लेकिन रखरखाव के नाम पर फूटी कौड़ी खर्च नहीं की जा रही।

### जब रक्षक ही बन जाएं 'भक्षक'

इटारसी फल मंडी की दुर्दशा केवल लापरवाही नहीं, बल्कि प्रशासनिक विफलता का प्रमाण है। व्यापारियों से टैक्स वसूलकर उन्हें गंदगी और मवेशियों के बीच छोड़ देना जनता के साथ विश्वासघात है। आखिर जिम्मेदार अधिकारी अपनी आंखें कब खोलेंगे?

### मवेशियों का भोज

मंडी परिसर अब फल मंडी कम और आवारा मवेशियों का चारागाह अधिक नजर आता है। झुंड के झुंड मवेशी न केवल दुकानदारों के माल पर मुंह मार रहे हैं, बल्कि खरीदारी करने आए लोगों के वाहनों से भी सामान चट कर जाते हैं। संकरी गलियों में इन मवेशियों की भिड़ंत से हर वक्त हादसे का डर बना रहता है, मगर नपा का अमला धर-पकड़ के नाम पर मौन साधे बैठा है।

### इनका कहना है...

हम सफाई व्यवस्था की ओर ध्यान देकर कर्मचारियों को और मुस्तैद करेंगे। सफाई के मामले में किसी भी प्रकार का कोई समझौता नहीं किया जाएगा।

**पंकज चौरे,** नपाध्यक्ष

# महिला आरक्षण बिल भाजपा का चुनावी प्रोपेगेंडा : अजिता

**जागरण, इटारसी।** पूर्व नौकरशाह और मध्य प्रदेश कांग्रेस की वरिष्ठ नेत्री अजिता बाजपेयी पांडेय ने केंद्र की भाजपा सरकार पर महिला आरक्षण कानून और परिसीमन के मुद्दे को लेकर तीखा हमला बोला है। बुधवार को जिला कांग्रेस कार्यालय में आयोजित एक पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा ने महिला आरक्षण बिल को बिना किसी ठोस तैयारी के केवल आगामी चुनावों में लाभ लेने के उद्देश्य से पेश किया था।

श्रीमती पांडेय ने इस बिल को तमिलनाडु और बंगाल के चुनावों के मद्देनजर एक प्रोपेगेंडा करार दिया। उन्होंने कहा कि यह केवल एक चुनावी पैंतरा था, जिसका उद्देश्य महिलाओं का वोट हासिल करना था, न कि उन्हें वास्तव में सशक्त बनाना। उन्होंने केंद्र सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि बिना पूर्व नियोजन और स्पष्टता के बिल लाने के कारण भाजपा को संसद में मुंह की खानी पड़ी है।

वार्ता के दौरान उन्होंने कांग्रेस शासनकाल में महिलाओं के कल्याण और राजनीतिक भागीदारी के लिए किए गए ऐतिहासिक कार्यों का विस्तार से उल्लेख किया। उन्होंने भाजपा शासन में देश और प्रदेश के भीतर महिलाओं की सुरक्षा की स्थिति और उनकी समस्याओं के प्रति सरकार के उदासीन रवैये पर भी गंभीर चिंता व्यक्त की।




इस पत्रकार वार्ता में अपराजिता पांडे प्रदेश प्रवक्ता, मधुसूदन यादव, ओम सेन, अनिल रैकवार, धर्मेन्द्र मालवीय आदि मौजूद रहे। पत्रकार वार्ता के समापन के बाद, श्रीमती बाजपेयी और प्रदेश प्रवक्ता अपराजिता पांडे ने कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों के साथ एक बैठक कर आगामी चुनावों की रणनीति और महिला कांग्रेस के सांगठनिक ढांचे को मजबूत करने पर विस्तृत चर्चा की गई।

# उदीयमान क्रिकेटरों के लिए अंडर 17 क्रिकेट ट्रॉफी का भव्य शुभारंभ



**जागरण, इटारसी।** राजेंद्र क्रिकेट अकादमी के तत्वावधान में आयोजित पांचवें स्वर्गीय सुमित बैस अंडर-17 लेदर बॉल क्रिकेट ट्रॉफी का आज रेलवे इंस्टीट्यूट 12 बंगला मैदान पर हर्षोल्लास के साथ शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय जनता पार्टी के जिला मंत्री उमेश पटेल उपस्थित रहे। उन्होंने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खेल न केवल स्वास्थ्य के लिए आवश्यक हैं, बल्कि आज क्रिकेट में भविष्य बनाने की अपार संभावनाएं हैं। उन्होंने आशा व्यक्त की कि इसी मैदान से खेलकर कोई खिलाड़ी भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व करेगा। टूर्नामेंट के आयोजक चेतन राजपूत ने बताया कि इस 6-दिवसीय श्रृंखला में नर्मदापुरम, आमला, पिपरिया और इटारसी की टीमें अपना कौशल दिखाएंगी। उद्घाटन समारोह के दौरान वरिष्ठ अधिवक्ता गोपाल राजपूत, केंद्रीय विद्यालय के खेल शिक्षक अनिकेत संतौर, कोच युवराज और रजत महतो सहित कई खेल प्रेमी उपस्थित रहे।

### आज 5 घंटे गुल रहेगी बिजली, होगा मेंटेनेंस

**जागरण, इटारसी।** शहर के पीपल मोहल्ला उपकेंद्र से जुड़े उपभोक्ताओं के लिए आवश्यक सूचना है। विद्युत वितरण कंपनी द्वारा मेंटेनेंस कार्य किए जाने के कारण कल, 23 अप्रैल गुरुवार को शहर के बड़े हिस्से में बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। विद्युत कंपनी के अनुसार, पीपल मोहल्ला उपकेंद्र से संचालित 11 केवी टाऊन फीडर पर आवश्यक सुधार कार्य किया जाना है। इस हेतु सुबह 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक बिजली बंद रखी जाएगी। इस फीडर से संबंधित पीपल मोहल्ला और उससे जुड़े टाऊन क्षेत्र के सभी वार्ड एवं गलियां इससे प्रभावित रहेंगे। विद्युत वितरण कंपनी ने कहा कि मेंटेनेंस कार्य की जटिलता को देखते हुए बिजली कटौती के समय को आवश्यकतानुसार घटाया या बढ़ाया भी जा सकता है। उपभोक्ताओं को सलाह दी जाती है कि वे अपने बिजली से जुड़े जरूरी काम सुबह 9 बजे से पहले ही निपटा लें।

# अज्ञात तत्वों ने घर के सामने खड़ी स्कूटी में लगाई आग, वाहन राख

**जागरण, इटारसी।** न्यू यार्ड कॉलोनी के अंतर्गत आने वाले खेड़ापति मंदिर के पास बुधवार तड़के असामाजिक तत्वों के हौसले बुलंद नजर आए। यहां एक घर के सामने खड़ी दुपहिया गाड़ी को अज्ञात तत्वों ने आग के हवाले कर दिया, जिससे वाहन पूरी तरह जल गया।

पीड़ित यश नागवंशी निवासी बकरी मोहल्ला खेड़ापति मंदिर के पास ने बताया कि उनकी टीवीएस जूपिटर स्कूटी घर के सामने खड़ी थी। बुधवार सुबह करीब 4 बजे अज्ञात उपद्रवियों ने वाहन में आग लगा दी। जब तक आग पर काबू पाया जाता, तब तक पूरी बाइक जलकर खाक हो चुकी थी। इस घटना में पीड़ित को लगभग 20 से 25 हजार रुपये का आर्थिक नुकसान हुआ है। अचानक हुई इस आगजनी से क्षेत्र के रहवासियों में असुरक्षा का माहौल है। पीड़ित यश नागवंशी ने इस मामले की शिकायत पथरोटा थाने में दर्ज कराने की बात कही है, ताकि दोषियों की पहचान कर उन पर कानूनी कार्रवाई की जा सके।



### कुर्मी समाज की बैठक आज, होगी चर्चा

**जागरण, इटारसी।** चौरिया कुर्मी समाज महासंघ की कोर कमेटी और शिक्षा परिवार की एक आवश्यक बैठक 23 अप्रैल को आयोजित की जा रही है। यह बैठक दोपहर 3 बजे से साईं कृष्णा रिसोर्ट, खेड़ा इटारसी में संपन्न होगी।

महासंघ के अध्यक्ष नवीन पटेल ने बताया कि इस बैठक का मुख्य उद्देश्य समाज के समग्र विकास के लिए ठोस कार्ययोजना तैयार करना है। बैठक के दौरान मई 2026 से अप्रैल 2027 तक की गतिविधियों का वार्षिक कैलेंडर तैयार किया जाएगा। साथ ही, वार्षिक सदस्यता अभियान और कार्यकारी प्रबंध कार्यकारिणी के विस्तार पर भी गहन चर्चा होगी। समाज के वरिष्ठ जनों से भी सुझाव आमंत्रित किए गए हैं, जिनके आधार पर आगामी माह की बैठक में प्रबंध कार्यकारिणी की आधिकारिक घोषणा की जाएगी।

### अनुत्तीर्ण छात्रों के लिए निशुल्क कक्षाएं प्रारंभ

**जागरण, इटारसी।** माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा कक्षा 10वीं और 12वीं के परीक्षा परिणाम घोषित किए जाने के बाद, उन छात्रों के लिए राहत भरी खबर है जो किसी कारणवश किसी विषय में सफल नहीं हो पाए हैं। शहर के प्रतिष्ठित फ्रेन्ड्स हायर सेकेंडरी स्कूल ऐसे विद्यार्थियों की मदद के लिए निशुल्क विशेष कक्षाओं का आयोजन कर रहा है।

स्कूल के प्राचार्य जयराज सिंह भानु ने बताया कि यह पहल पूरी तरह से छात्र हित में की गई है। ये कक्षाएं केवल फ्रेन्ड्स स्कूल के विद्यार्थियों के लिए ही नहीं, बल्कि शहर के उन सभी छात्रों के लिए निशुल्क रखी गई हैं जो अपनी शैक्षणिक बाधाओं को दूर करना चाहते हैं। जो भी विद्यार्थी इन विशेष कक्षाओं का लाभ उठाकर आगामी परीक्षा की तैयारी करना चाहते हैं, वे तत्काल स्कूल कार्यालय में संपर्क कर अपना पंजीकरण करा सकते हैं।

# श्रद्धा और उत्साह के साथ मनी आदिगुरु शंकराचार्य जयंती

**जागरण, इटारसी।** नगर के दसनाम गोस्वामी समाज ने आदि गुरु शंकराचार्य जयंती महोत्सव बड़े ही श्रद्धा, भक्ति और गरिमामयी वातावरण में मनाया। इस उपलक्ष्य में शोभायात्रा निकाली और मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान कर समाज की एकता का संकल्प लिया।

महोत्सव का शुभारंभ द्वारिकाधीश बड़े मंदिर से शोभायात्रा के साथ हुआ। यह यात्रा नगर के प्रमुख मार्गों—सराफा, नीमवाड़ा और जयस्तंभ चौक से होती हुई ऑडिटोरियम पहुंची। शोभायात्रा में समाज की मातृशक्ति, युवा और वरिष्ठजन बड़ी संख्या में शामिल हुए, जिससे पूरा मार्ग भक्तिमय हो गया। ऑडिटोरियम में आदि गुरु शंकराचार्य के चित्र पर माल्यार्पण, विशेष पूजन और आरती के साथ मुख्य कार्यक्रम की शुरुआत हुई।

कार्यक्रम में संत नित्यानंद महाराज पतलाई मठ और कमल गिरी महाराज इंदौर की उपस्थिति रही। संतों ने अपने आशीर्वचन में समाज को शिक्षा, संस्कार और संगठन के महत्व को समझाते हुए सनातन धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर समाज के उन प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया, जिन्होंने कक्षा 10वीं और 12वीं की परीक्षाओं में उत्कृष्ट अंक प्राप्त किए हैं। समारोह में भाजपा मंडल अध्यक्ष राहुल चौरे एवं नगर कांग्रेस अध्यक्ष कन्हैया गोस्वामी ने भी विचार व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि आदि गुरु शंकराचार्य ने अद्वैत वेदांत के माध्यम से भारतीय संस्कृति को पुनर्जीवित किया और उनके आदर्श आज भी प्रासंगिक हैं। कार्यक्रम के समापन पर युवा संगठन अध्यक्ष मिथलेश गोस्वामी, दिलीप गोस्वामी एवं राजेंद्र गोस्वामी ने आभार व्यक्त किया। इस भव्य आयोजन में समाज के वरिष्ठजनों सहित भारी संख्या में सामाजिक बंधु उपस्थित रहे।



# भगवान परशुराम प्राकट्योत्सव पर शोभायात्रा और भंडारे का आयोजन

**जागरण, इटारसी।** ग्राम केसला में भगवान परशुराम का प्राकट्योत्सव सर्व ब्राह्मण समाज के तत्वावधान में अत्यंत हर्षोल्लास और श्रद्धा के साथ मनाया गया। अक्षय तृतीया के पावन अवसर पर आयोजित इस कार्यक्रम में भक्ति और उत्साह का अनूठा संगम देखने को मिला।

### रैली में झांकी रही आकर्षण का केंद्र

ब्राह्मण मोहल्ला स्थित हनुमान मंदिर से विशाल शोभायात्रा निकाली गई, जो नगर के प्रमुख मार्गों से गुजरी रैली में भगवान परशुराम, भगवान शंकर और श्री गणेश की आकर्षक झांकियां विशेष आकर्षण का केंद्र रहीं। जगह-जगह श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा कर और शीतल पेय पिलाकर शोभायात्रा का आत्मीय स्वागत किया।

प्राकट्योत्सव के उपलक्ष्य में दो दिवसीय सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया इसमें मेहंदी और रंगोली प्रतियोगिताओं के साथ-साथ बच्चों ने भगवान परशुराम के जीवन पर आधारित नाटकों और संस्कृत कार्यक्रमों की मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। भगवान परशुराम की विधि-विधान से पूजा, हवन और आरती के पश्चात विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में क्षेत्रवासियों ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम के अंत में विभिन्न प्रतियोगिताओं के प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। वक्ताओं ने समाज को एकजुट रहने और सनातन धर्म के मूल्यों को आत्मसात करने का संदेश दिया।

**कार्यक्रम** | शासकीय एमजीएम कालेज में पृथ्वी दिवस पर किया जागरूक, हुई विभिन्न प्रतियोगिताएं

# ग्लोबल वार्मिंग गंभीर खतरा, सतत विकास ही समाधान

**जागरण, इटारसी।** शासकीय महात्मा गांधी स्मृति स्नातकोत्तर महाविद्यालय के भूगोल विभाग द्वारा बुधवार को पृथ्वी दिवस पर एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम के दौरान पर्यावरण संरक्षण, वैश्विक तापन और जैव विविधता को बचाने के संकल्प के साथ विद्यार्थियों के लिए विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं।

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता एवं प्राचार्य डॉ. राकेश मेहता ने अपने संबोधन में कहा कि वर्तमान में पृथ्वी का बढ़ता तापमान पूरी मानवता के लिए चुनौती है। उन्होंने कहा कि ग्लेशियरों का पिघलना और मौसम चक्र में आ रहा बदलाव प्राकृतिक संसाधनों के अत्यधिक दोहन का परिणाम है। डॉ. मेहता ने कार्बन फुटप्रिंट को कम करने, नदियों के संरक्षण, नियोजित शहरीकरण और जैविक खेती को बढ़ावा देने पर विशेष जोर दिया। गणित विभाग की डॉ. रश्मि तिवारी ने विद्यार्थियों को इस दिवस के इतिहास से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि पर्यावरण संरक्षण की अलख जगाने के लिए 1969 में इसकी अवधारणा रखी गई थी और 22 अप्रैल 1970 को पहली बार वैश्विक स्तर पर अमेरिकी सीनेटर जेरार्ड नेल्सन के प्रयासों से इसे मनाया गया। पर्यावरण के प्रति संवेदनशीलता दर्शाते हुए महाविद्यालय परिसर में प्राचार्य, शिक्षकों और विद्यार्थियों द्वारा पक्षियों के लिए सकोरे बांधे गए। इस अवसर पर छात्रा भावना केवट ने पर्यावरण पर केंद्रित एक भावपूर्ण कविता प्रस्तुत की, जिसे सभी ने सराहा। डॉ. वीके कृष्णा ने रासायनिक कृषि के स्थान पर जैविक खेती अपनाने की चेतावनी दी ताकि मिट्टी की उर्वरता बचाई जा सके। विद्यार्थियों के बीच भाषण और कविता प्रतियोगिता के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। संचालन भूगोल विभागाध्यक्ष डॉ. दिनेश कुमार ने किया। कार्यक्रम में डॉ. मनीष चौधरी, डॉ. आशुतोष मालवीय सहित प्राध्यापक एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।



# विधायक के सहयोग से न्यायालय परिसर में जल संकट दूर करने लगा नलकूप

**जागरण, इटारसी।** गर्मी के मौसम में इटारसी न्यायालय परिसर में गहराती पेयजल की समस्या का अब स्थाई समाधान हो गया है। अधिवक्ता संघ इटारसी के संरक्षक और विधायक डॉ. सीतासरन शर्मा के विशेष सहयोग से परिसर में नया सबमर्सिबल पंप और मोटर स्थापित कर दी गई है।

अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष रमेश राजपूत ने न्यायालय परिसर में पानी की गंभीर समस्या को देखते हुए विधायक से सबमर्सिबल पंप के उत्खनन का निवेदन किया था। विधायक डॉ. शर्मा ने इस पर तत्काल संज्ञान लेते हुए विगत दिनों उत्खनन कार्य पूर्ण कराया। इसके पश्चात, मोटर लगाने की आवश्यकता को देखते हुए अध्यक्ष रमेश राजपूत ने दोबारा विधायक से व्यक्तिगत आग्रह किया। जनहित और अधिवक्ताओं की सुविधा को प्राथमिकता देते हुए विधायक ने अपनी निधि से मोटर लगवाने के निर्देश एडवोकेट विनोद चौहान को दिए। निर्देशों के पालन में विनोद चौहान ने तत्काल मोटर लगवा दी है। नया पंप अति शीघ्र सुचारू रूप से प्रारंभ कर दिया जाएगा। इस व्यवस्था से न केवल वर्तमान ग्रीष्मकाल में, बल्कि भविष्य में भी न्यायालय परिसर को पानी की किल्लत से मुक्ति मिल जाएगी।



इस महत्वपूर्ण कार्य के संपन्न होने पर अधिवक्ता संघ के पदाधिकारियों और सदस्यों अध्यक्ष रमेश राजपूत, सचिव पारस जैन, उपाध्यक्ष श्रीमती ममता नागेश एवं मनीष बाजपेई, कोषाध्यक्ष राजेश चौरे, सहसचिव विजय दुबे, ग्रंथपाल कंचन मेहरा, विनोद भावसार प्रवक्ता, कार्यकारिणी सदस्य जयप्रकाश शुक्ला, राघवेंद्र पांडे, अनुराग चौरे, शासकीय अधिवक्ता भूरे सिंह भदोरिया, जिनेंद्र जैन ने विधायक डॉ. शर्मा का हृदय से आभार व्यक्त किया है।